**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1163**

**सोमवार, 08 दिसंबर, 2025 / 17 अग्रहायण, 1947 (शक)**

**ईएसआईसी योजना के अंतर्गत लाभार्थी**

**†1163. श्री नवसकनी के.:**
**श्री जी. सेल्वमः**
**श्री सी. एन. अन्नादुरईः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में और विशेषकर तमिलनाडु में पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के अंतर्गत कवर किए गए कर्मचारियों और उनके आश्रितों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) तमिलनाडु में और विशेषकर रामनाथपुरम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ईएसआईसी योजना के अंतर्गत कवर किए गए बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों की संख्या का वर्ष-वार और जिले-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों की बढ़ती संख्या की आवश्यकता के अनुरूप सेवा देने के लिए उक्त जिलों में विद्यमान ईएसआईसी अस्पतालों, औषधालयों और स्वास्थ्य देखरेख सुविधाओं की पर्याप्तता का आकलन किया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने तमिलनाडु में ईएसआईसी संस्थानों में चिकित्सा अवसंरचना, नैदानिक सुविधाओं या जनशक्ति की उपलब्धता में जिला-वार किसी कमी को चिह्नित किया है; और

(च) सरकार द्वारा तमिलनाडु में ईएसआईसी स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को सुदृढ़ करने एवं बढ़ाने, सेवा वितरण में सुधार करने तथा बीमित व्यक्तियों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल तक पहुंच बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) और (ख): देश और तमिलनाडु में वर्ष 2022-23 से वर्ष 2024-24 के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत कवर किए गए लाभार्थियों की कुल संख्या निम्नलिखित है:

| वर्ष | देश में लाभार्थियों की संख्या | तमिलनाडु में लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 2022-23 | 13,30,73,951 | 1,56,03,032 |
| 2023-24 | 14,43,59,629 | 1,69,83,109 |
| 2024-25 | 14,91,31,214 | 1,73,73,864 |

कैलेंडर वर्ष 2022, 2023, 2024 और 2025 (दिनांक 30.11.2025 तक) के दौरान तमिलनाडु में रामनाथपुरम  सहित ईएसआईसी योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति (आईपी) और लाभार्थियों की जिला वार संख्या संलग्न है।

जारी..2/-

(ग) से (च): ईएसआईसी के पूर्व-निर्धारित मानदंडों के अनुसार व्यवहार्यता का मूल्यांकन करके ईएसआई निगम अस्पताल का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। मानकों के अनुसार, नए 150 और 200 बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल स्थापित करने के लिए क्रमशः न्यूनतम 1,00,000 और 1,50,000 बीमित व्यक्ति (आईपी) आवश्यक हैं। इसके अलावा, 50 किमी के दायरे के भीतर कोई अन्य ईएसआई अस्पताल नहीं होना चाहिए। रामनाथपुरम जिले में आईपी की संख्या केवल 7913 है। इसलिए, यह स्थान अस्पताल स्थापित करने के लिए पात्र नहीं है।

तमिलनाडु में कुल आईपी की संख्या 44,77,800 है। वर्तमान में, राज्य में 11 अस्पताल और 241 औषधालय सक्रिय हैं और बीमित व्यक्तियों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, संशोधित बीमा चिकित्सक (एमआईएमपी) योजना के तहत राज्य में 04 बीमा चिकित्सक भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 07 अतिरिक्त अस्पतालों को भी मंजूरी दी गई है।

ईएसआईसी द्वारा ईएसआई कार्ड धारकों के लिए चिकित्सा देखभाल सेवा की आपूर्ति को सुधारने और ईएसआईसी स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना को सुदृढ़ और विस्तारित करने के लिए उठाए गए प्रमुख कदम निम्नानुसार हैं:

i) जहाँ ईएसआई चिकित्सा सेवाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं, वहां देश में पीएमजेएवाई पैनलबद्ध अस्पतालों के माध्यम से ईएसआई लाभार्थियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के साथ सहयोग।

ii) स्थायी निःशक्तता लाभ (पीडीबी) / आश्रित लाभ (डीबी) लाभार्थियों के लिए लाभ की दरों में वृद्धि।

iii) लाभार्थियों को चिकित्सा और नकद लाभ सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए आईपी और उनके परिवार के सदस्यों का स्वैच्छिक आधार पर आधार आधारित प्रमाणीकरण अपनाया गया है।

iv) आईपी / बीमित महिलाओं (आईडब्ल्यू) को निर्बाध सेवाएँ प्रदान करने के लिए, ईएसआई योजना के तहत नकद लाभ दावों की प्रस्तुति के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल / सुविधा शुरू की गई है।

v) ओपीडी में दिखाने के लिए स्व-पंजीकरण करने, पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने, प्रतीक्षा समय कम करने और मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए बीमित व्यक्तियों और लाभार्थियों के लिए यूजर-फ्रेंडली ऐप का अपग्रेडेशन।

*                                        *****

**अनुबंध**

**"ईएसआईसी योजना के अंतर्गत लाभार्थी" के संबंध में श्री नवसकनी के., श्री जी. सेल्वम और श्री सी. एन. अन्नादुरई द्वारा दिनांक 08.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1163 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र. सं. | जिला का नाम | 2022 | | 2023 | | 2024 | | 2025* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बीमित व्यक्तियों की सं. | लाभार्थियों की संख्या | बीमित व्यक्तियों की सं. | लाभार्थियों की संख्या | बीमित व्यक्तियों की सं. | लाभार्थियों की संख्या | बीमित व्यक्तियों की सं. | लाभार्थियों की संख्या |
| 1. | चेंगलपट्टु | 2,00,182 | 7,76,705 | 2,22,559 | 8,63,527 | 2,43,547 | 9,44,961 | 2,39,698 | 9,30,028 |
| 2. | चेन्नई | 8,75,370 | 33,96,435 | 9,56,317 | 37,10,508 | 10,33,800 | 40,11,143 | 10,21,962 | 39,65,212 |
| 3. | कडलोर | 24,573 | 95,344 | 28,150 | 1,09,223 | 31,828 | 1,23,494 | 38,000 | 1,47,440 |
| 4. | कांचीपुरम | 1,58,947 | 6,16,716 | 2,07,733 | 8,06,003 | 2,35,326 | 9,13,065 | 2,66,434 | 10,33,764 |
| 5. | तिरुवल्लूर | 2,79,690 | 10,85,197 | 3,13,930 | 12,18,049 | 3,40,770 | 13,22,187 | 3,57,730 | 13,87,992 |
| 6. | तिरुवन्नामलई | 2,154 | 8,357 | 3,110 | 12,067 | 6,287 | 24,394 | 7,916 | 30,714 |
| 7. | वेल्लोर | 1,72,200 | 6,68,136 | 1,91,428 | 7,42,741 | 1,89,599 | 7,35,643 | 1,80,881 | 7,01,818 |
| 8. | विलुप्पुरम | 5,160 | 20,022 | 6,669 | 25,876 | 12,698 | 49,270 | 17,750 | 68,870 |
| 9. | कोयंबतूर | 3,74,946 | 14,54,793 | 4,34,645 | 16,86,421 | 4,53,585 | 17,59,910 | 4,54,416 | 17,63,134 |
| 10. | इरोड | 1,06,086 | 4,11,613 | 1,23,232 | 4,78,141 | 1,31,871 | 5,11,661 | 1,28,583 | 4,98,902 |
| 11. | नीलगिरि | 4,836 | 18,764 | 5,437 | 21,097 | 5,449 | 21,143 | 6,770 | 26,268 |
| 12. | तिरुप्पुर | 3,11,687 | 12,09,345 | 3,57,319 | 13,86,397 | 3,89,042 | 15,09,482 | 3,72,451 | 14,45,110 |
| 13. | डिंडिगुल | 91,898 | 3,56,564 | 1,00,480 | 3,89,862 | 1,10,007 | 4,26,828 | 1,09,736 | 4,25,776 |
| 14. | मदुरै | 1,42,255 | 5,51,949 | 1,51,370 | 5,87,314 | 1,60,931 | 6,24,413 | 1,68,268 | 6,52,880 |
| 15. | पुदुकोट्टई | 15,946 | 61,869 | 17,659 | 68,517 | 19,999 | 77,597 | 24,920 | 96,690 |
| 16. | रामनाथपुरम | 758 | 2,940 | 3,089 | 11,986 | 6,890 | 26,732 | 7,737 | 30,020 |
| 17. | शिवगंगा | 24,194 | 93,874 | 26,787 | 10,3935 | 28,688 | 1,11,309 | 26,449 | 1,02,622 |
| 18. | तेनी | 22,316 | 86,587 | 23,438 | 90,938 | 24,631 | 95,567 | 25,472 | 98,831 |
| 19. | विरुदुनगर | 1,40,967 | 5,46,950 | 1,31,698 | 5,10,988 | 1,45,370 | 5,64,034 | 1,41,511 | 5,49,063 |
| 20. | अरियलूर | 4,524 | 17,554 | 5,713 | 22,167 | 6,653 | 25,814 | 6,896 | 26,756 |
| 21. | धर्मपुरी | 3,673 | 14,250 | 5,785 | 22,445 | 7,776 | 30,172 | 9,117 | 35,374 |
| 22. | करूर | 36,840 | 1,42,940 | 44,622 | 1,73,133 | 49,572 | 1,92,340 | 53,888 | 2,09,085 |
| 23. | कृष्णगिरि | 1,27,180 | 4,93,460 | 1,62,976 | 6,32,346 | 1,91,785 | 7,44,125 | 2,15,661 | 8,36,765 |
| 24. | मयिलाडुतुरै | 101 | 392 | 143 | 553 | 521 | 2,023 | 1,135 | 4,404 |
| 25. | नागपट्टिनम | 1,966 | 7,627 | 3,030 | 11,757 | 3,703 | 14,367 | 4,752 | 18,438 |
| 26. | नामक्कल | 38,150 | 1,48,021 | 46,992 | 1,82,328 | 52,525 | 2,03,797 | 53,780 | 2,08,666 |
| 27. | सेलम | 96,211 | 3,73,300 | 1,11,107 | 4,31,093 | 1,18,289 | 4,58,961 | 1,28,800 | 4,99,744 |
| 28. | तंजावुर | 26,410 | 1,02,469 | 30,459 | 1,18,182 | 32,374 | 1,25,611 | 35,748 | 1,38,702 |
| 29. | तिरुवरुर | 4,859 | 18,851 | 5,714 | 22,170 | 6,187 | 24,004 | 6,655 | 25,821 |
| 30. | तिरुचिरापल्ली | 80,887 | 3,13,841 | 98,356 | 3,81,621 | 1,08,532 | 4,21,104 | 1,22,434 | 4,75,044 |
| 31. | कन्याकुमारी | 47,240 | 1,83,290 | 45,454 | 1,76,360 | 51,295 | 1,99,026 | 53,193 | 2,06,389 |
| 32. | तेनकासी | 11,421 | 44,314 | 10,126 | 39,288 | 13,224 | 51,308 | 14,111 | 54,751 |
| 33. | तूतुकुड़ी | 60,129 | 2,33,299 | 65,257 | 2,53,197 | 72,263 | 2,80,381 | 72,600 | 2,81,688 |
| 34. | तिरुपतूर | 162 | 630 | 986 | 3,826 | 3,773 | 14,641 | 4,975 | 19,303 |
| 35. | रानीपेट | 410 | 1,592 | 727 | 2,821 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36. | तिरुनेलवेली | 64,793 | 2,51,396 | 73,932 | 2,86,856 | 78,856 | 3,05,961 | 85,928 | 3,33,401 |
| 37. | दक्षिण अंडमान | 1,190 | 4,617 | 3,706 | 14,379 | 5,610 | 21,767 | 6,325 | 24,541 |
| 38. | पेरम्बलूर | 0 | 0 | 1,268 | 4,920 | 3,834 | 14,874 | 5,118 | 19,858 |

* दिनांक 30.11.2025 तक

******